नवभारत

नए साल का जश्न, मुंबई तैयार

सुबह 5 बजे तक चलेगी पार्टी, ड्रोन से रखी जाएगी नज़र



18 जनवरी तक धारा 144 लागू

- इस बार मुंबई में नए साल का जश्न सुबह 5 बजे मनाया जाएगा. इस वजह से पुलिस व प्रशासन की चुनौती बढ़ गई है. नए साल के जश्न में किसी तरह से खलल न पड़े. इसके लिए 31 की रात मुंबई की सड़कों पर 11,500 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे.
- मुंबई पुलिस ने 18 जनवरी तक शहर में धारा 144 लगा दी है. अन्य प्रतिबंधों में शहर के ऊपर ड्रोन, रिमोट-नियंत्रित माइक्रोलाइट विमान, पैरा मोटर्स, पैराग्लाइडर और गर्म हवा के गुब्बारे उड़ाना शामिल हैं.

चलेगी स्पेशल लोकल

नए साल के मौके पर पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए 31 दिसंबर 2023 और 1 जनवरी 2024 की मध्यरात्रि के दौरान विशेष लोकल ट्रेन चलाने का ऐलान किया है. स्पेशल लोकल ट्रेन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से आधी रात के बाद 01.30 बजे निकलेगी और 03.00 बजे कल्याण पहुंचेगी. एक विशेष लोकल ट्रेन कल्याण से रात 01.30 बजे छूटेगी और 03.00 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी. हार्बर लाइन पर सीएसटी से रात 01.30 बजे निकलेगी और 02.50 बजे पनवेल स्टेशन पहुंचेगी. वहीं एक स्पेशल लोकल ट्रेन पनवेल से रात 01.30 बजे प्रस्थान करेगी और 02.50 बजे मुंबई के सीएसटी स्टेशन पहुंचेगी. पश्चिम रेलवे ने इसके तहत 31 दिसंबर और 1 जनवरी के बीच चार अतिरिक्त लोकल ट्रेनों को चलाने का फैसला किया है.

लोगों में उत्साह

इस बार नए साल का जश्न मनाने को लेकर लोगों में काफी उत्साह है. कई पर्यटक भी न्यू ईयर को सेलिब्रेट करने के लिए मुंबई आ रहे हैं. महाराष्ट्र के हिल स्टेशनों पर होटल और रिसॉर्ट्स में 80% की बुकिंग हो चुकी है.

– प्रदीप शेट्टी, अध्यक्ष, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया

इस बार बेहतर कारोबार की उम्मीद

सरकार ने लॉकडाउन के बाद इस वर्ष बिना किसी प्रतिबंध के लोगों को नए साल का जश्न मनाने की अनुमति दी है. इसको देखते हुए हमने इस साल बहुत अच्छे तैयारी की है. हमें उम्मीद है कि लोग बहुत एन्जॉय करेंगे और हम पिछले दो सालों के नुकसान की भरपाई कर सकेंगे.

– सुमा राऊत, निदेशक, होटल आर्या इंटरनेशनल समूह

खाने के लिए लज़ीज़ पकवानों का इंतजाम

थर्टी फर्स्ट नाईट पार्टी के लिए होटल, रिसोर्ट और अन्य पार्टी की जगहों पर संचालकों ने विशेष सजावट और विभिन्न तरह की तैयारी की है. इस मौके पर गेस्ट के लिए लजीज पकवानों का इंतजाम किया गया है. इसमें इटालियन और मैक्सिकन डिश के अलावा पारंपरिक व्यंजन शामिल है. हालांकि पिछले साल के मुकाबले इस बार का पैकेज थोड़ा महंगा है.

– स्नेहा खामकर, एचआर प्राइवेट कंपनी

Mumbai-plus Edition
31-december-2023 Page No. 1
epaper.enavabharat.com